
# तीर्थ राज पुष्कर सरोवर पूजन के साथ भाजपा अजमेर सदस्यता अभियान का हुआ आगाज

## भाजपा अजमेर देहात जिला हर अभियान में रहा अव्वल : मंत्री सुरेश सिंह रावत

**पुष्कर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश के बाद अजमेर देहात ज़िले की सदस्यता अभियान का आगाज गुरुवार को तीर्थ राज सरोवर की पूजा अर्चना के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अलावत,केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी,केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत व भाजपा अजमेर देहात ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने आगाज किया। इस अवसर पर उपस्थित सैकडो कार्यकर्ताओं ने भाजपा ज़िंदाबाद के नारों से गुंजायमान किया।पुष्कर सरोवर पर नगरपरिषद सभापति कमल पाठक, मण्डल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी सहित भाजपा नेताओं ने मालाओं से पदाधिकारियों का स्वागत किया।

पूजा अर्चना के बाद माहेश्वरी भवन में पत्रकार वार्ता को प्रदेश महामंत्री संतोष अलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र विचारों पर आधारित पार्टी है जो देश के सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करती है उसी का नतीजा है की आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि आज भाजपा अपने कार्य के आधार पर गाँव,ग़रीब व किसानों की चहेती पार्टी बनकर उभरी है उसी का नतीजा है तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनी है।



सदस्यता अभियान की शुरूआत केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी और सुरेश सिंह रावत ने की।

केबिनेट मंत्री सुरेशसिंह रावत ने कहा कि अजमेर देहात में जिस उत्साह और उमंग के साथ सदस्यता अभियान का आगाज हुआ है में दावे के साथ कह सकता हूँ कि अजमेर देहात हमेशा चाहे विधानभा चुनाव हो,लोकसभा चुनाव हो या पार्टी का राष्ट्रव्यापी या राज्यव्यापी अभियान हो हमेशा की भाति सदस्यता अभियान में भी प्रदेश में नंबर वन रहेगा। जिस की शुरुआत स्वयं ज़िलाध्यक्ष श्री भूतड़ा जी ने केंद्रीय अभियान के प्रारंभ से लेकर आज देहात के आरंभ तक 505 सदस्य बनाकर धमाकेदार शुरूआत की है उनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 100 से ऊपर बनाकर की है।

- **भाजपा अजमेर देहात जिला सदस्यता अभियान बैठक आयोजित**

भाजपा के कार्य कर्ताओं को घर घर जाकर सदस्य बनाना हे,हर घर में भाजपा विचारो से जुड़ा सदस्य हो। वार्ता में सदस्यता अभियान के ज़िला संयोजक महेंद्र सिंह मझेवला, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कणावत, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, सभापति कमल, ज़िला महामंत्री जीतमल प्रजापत,पूर्व जिला प्रमुख सारित आदि थे।

प्रेस वार्ता के बाद ज़िलाध्यक्ष देवीशकर भूतड़ा की अध्यक्षता में ज़िला बैठक का आयोजन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए श्री भूतड़ा ने कहा कि सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय आगाज के साथ ही हमने शानदार शुरुआत की है अब हमें इसे मण्डल,शक्ति केंद्र से बूथ तक जाते हुए हर वर्ग को जोड़ने की रणनीति पर कार्य करना है इस हेतु हमें मण्डल के सभी पदाधिकारियों को दो -दो बूथ की ज़िम्मेदारी देनी है कि हर बूथ पर 200 सदस्य बनाना सुनिश्चित करे। ताकि हम ज़िले के सभी 31 मंडलों पर प्रत्येक दस हज़ार का लख्स़ रखकर कार्य करना है।

## 'मनुष्य का अस्तित्व कर्मों से होता है जन्म'

**अजमेर, (कासं)।** श्री खरतरगच्छाचार्य श्री जिन दत्तसूरि दादाबाड़ी में चल रहे पर्यूषण पर्व के छठे दिन धर्मसभा में प्रवचन देते हुए साध्वी मनोहर श्रीजी ने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व ही उसके कर्मों से होता है, जन्म और जाति से नहीं। यह जीवन के रिएक्शन, एक्शन और डायरेक्शन को बदल देती है, साधना से पवित्रता का सर्जन होता है, जिसके जीवन में निश्चित रूप से प्रसन्नता की बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने कहा कि भाग्य से कर्म को नहीं बदला जा सकता है, लेकिन कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है।

साध्वी निरन्जना श्रीजी ने कहा कि कल्पसूत्र का वांचन करते हुए जनमानस को कल्पसूत्र सुनने मात्र से ही मोक्ष गति मिलने की जानकारी। साध्वी आदर्शप्रज्ञा श्रीजी ने कहा कि कल्पसूत्र शास्त्र की 3 सिढ़िया है। पहली 24 तीर्थकरों का चरित्र दूसरी गुरु परम्परा और तीसरी सीढ़ी साधु-साध्वियो का आचार है। प्रथम भाव में साधु सेवा से आगे बढ़ते हुये 27 वें भाव में महावीर भगवान बने। धर्मसभा में विक्रम, अनिल, नरेन्द्र, सतीश, महेन्द्र, सतीश मेहता, जयदीप पारख, अरविन्द सिंधवी, दिनेश मेहता, राजकुमार बुरड़ सहित खरतरगच्छ परिजनों अनुयायी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 103 यूनिट रक्तदान किया



**आसीन्द, (निसं)।** आसींद नगर में मैना देवी सोनी धर्मपत्नी श्री शंभू लाल सोनी (सोलीवाल ) की प्रथम पुण्यतिथि पर श्री महावीर कामधेनु गौशाला बोरेला एवं महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्था आसींद के तत्वाधान में निःशुल्क मेडिकल चैकअप कैंप एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरूवार को तुलसी भवन सभा भवन नंबर 2 में आसींद तहसीलदार भंवरलाल सेन, पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू व कामधेनु गौशाला बोरेला अध्यक्ष दिनेश सोनी द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया। कैम्प में नेत्ररोग जांच परामर्शकर्ता राहुल शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक, अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा डॉ दिनेश सोनी, जनरल फिजिशियन डॉ चिराग प्रजापत, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा तोतल, सीएचसी आसींद डॉक्टर राकेश दरिया, वरिष्ठ लेब टेक्नीशियन- आसींद सीएचसी सुखदेव कुमावत, नर्सिंग अधिकारी-आसींद सीएचसी यतीश टेलर, सुरेश पारीक, सहित अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा द्वारा ब्लड बैंक 103 यूनिट ब्लड संग्रहण किया गया एवं अरिहंत हॉस्पिटल के नेत्र रोग में 130 में से 30 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा व अन्य 110 रोगियों कि जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरण दी गई।

### हर्षोल्लास से शिक्षक दिवस मनाया

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अधीन अंधेरी देवरी के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधेरी देवरी के प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य नीतू विजय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमगढ के उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार जैन बतौर अतिथि मौजूद रहे। विधालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य रेणु सैनी ने आगुंतक अतिथियों की अगवानी की।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया इस अवसर पर सुशीला गहलोत पूजा सोलंकी, रेखा शर्मा ,सुदेश शर्मा, सुमन चौधरी शारदा राड ,रेखा मीणा ,मनीषा यादव, सोमलता भटट, अरूण कुमावत, प्यारेलाल मीणा, मुरारीलाल, प्रवीण कुमार लिखमाराम, सुगनसिंह ,मुकेश कुमार, घनश्याम आदि विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान प्रसाद भट्ट बने अध्यक्ष

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ शहर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की गौतम भवन में बैठक आयोजित हुई वहीं बैठक में समाज के चुनाव संपन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से भगवान प्रसाद भट्ट को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वहीं मंत्री पद पर संजय शर्मा, सभा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल पंचोली, कोषाध्यक्ष चंन्द्र नारायण पंचोली, संरक्षक कृष्ण गोपाल पाण्डेता व जगदीश प्रसाद वैध चुने गए। सभी कार्यकारिणी सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में समाज में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर भट्ट ने सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान जमनालाल शर्मा, अशोक शर्मा, गोविंद वेध, जगदीश प्रसाद वेध, गोविंद शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा व कृष्ण गोपाल पाण्डेता साहित अन्य उपस्थित रहे।

## मांडलगढ़ में दिया कुमारी को कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**मांडलगढ़, (निसं)।** कोटड़ी से करेड़ा जाते वक्त मांडलगढ़ डाकबंगले पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का गुरुवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्राचीन किले की तस्वीर और तलवार भेंटकर के भव्य स्वागत किया। वहीं महिला कार्यकर्ताओं ने साफा व चुनरी ओढ़ाकर उप मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर ज्ञापन भी दिए।

इस मौके पर विधायक खंडेलवाल ने राज्य सरकार के बजट में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र को मिली सौगातो के लिए उप मुख्यमंत्री का आभार जताया। स्वागत के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम दिया कुमारी से मुलाकात करने के लिए कार्यकर्ता डाकबंगले की ऊपरी मंजिल पर जाने लगे तो पुलिस और कार्यकर्ताओं में धक्का मुक्की हो गई।इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस के प्रति नाराजगी जाहिर की।पुलिस ने मांडलगढ़ नगर पालिका चेयरमैन संजय डांगी को भी दिया कुमारी से मिलने जाने के लिए एक बारगी तो पुलिस ने रोक दिया। जिससे हंगामा हो गया।उसके बाद संजय डांगी को जाने दिया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मांडलगढ़ प्रवास के दौरान कहा कि मांडलगढ़ में प्राचीन धरोहर एतिहासिक किला ओर भिनाय की बावड़ी के विकास और अन्य विकास कार्यों को लेकर यहाँ के विधायक प्रताव बनाकर भेजेंगे,जिसको भाजपा सरकार गम्भीरता से लेगी ओर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## 20 शिक्षकों को किया सम्मानित

**भीलवाडा, (निसं)।** युवा जनहित सेवा समिति भीलवाड़ा द्वारा शिक्षक दिवस पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन में प्रधानाचार्य सहित 31 शिक्षकों व राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर में प्रधानाचार्य बसंत कुमार भण्डारी सहित 20 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, कलम देकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया।

अध्यक्ष कय्युम मोहम्मद सक्का ने जानकारी देते हुये बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी धारा सिंह, पार्षद जुहुर अली डायर, रमजान खान कायमखानी, सचिव अब्दुल रहीम कुरैशी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद यासीन घोसी, इरफान सिलावट, वसीम शेख, शहर अध्यक्ष उम्रदराज कुरैशी, सचिव फारूख खान, फरमान बेग आदि उपस्थित थे।

## अजमेर के जेएलएन अस्पताल में सफलता पूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी हुई

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में हृदय सर्जरी विभाग के डॉक्टर प्रशांत कोठारी और उनकी टीम ने 17 साल की लड़की की ओपन हार्ट सर्जरी कर अजमेर के चिकित्सा इतिहास में नया आयाम रच दिया। मरीज 17 वर्षीय बालिका थी, उसके दिल में छेद था जो की जन्मजात होता है।

डॉ. प्रशांत कोठारी ने बताया कि गत शुक्रवार 30 अगस्त को अस्पताल के हृदय सर्जरी विभाग में मिनिमल इनवेसिव तकनीक से जिसे कि हम आम भाषा में दूरबीन से करना कहते हैं, उससे ओपन हार्ट सर्जरी हुई। अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश महला द्वारा उसकी दिल की सोनोग्राफी की गई, जिसमें कि यह पता चला कि यह छेद डिवाइस से बंद नहीं हो सकता अतः इसमें सर्जरी ही करनी पड़ेगी। तदोपरांत यह बालिका डॉक्टर प्रशांत कोठारी के पास आई। यह देखते हुए की बालिका अविवाहित है एवं उम्र काफी कम है, इसलिए इसका ऑपरेशन मिनिमल इनवेसिव तकनीक से करना उपयुक्त समझा गया।



अस्पताल में 17 साल की लड़की की ओपन हार्ट सर्जरी की।

## बुनकर पुरस्कार योजना के आवेदन आमंत्रित

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के उत्कृष्ट बुनकरों, सहकारी समितियों को उनके द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट उत्पादों एवं गतिविधियों को पहचान व सम्मान दिलाने के लिए जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर नकद पुरस्कार दिये जाने की योजना संचालित की जा रही है। इस क्रम में जिले में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार योजना के आवेदन आमंत्रित किये है।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक के.के.मीना ने बताया कि जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार हेतु जिले में कार्यरत बुनकरों को उनके द्वारा बुनाई के क्षेत्र में किये गये विशिष्ट योगदान, विभागीय योजनाओं में सक्रिय भूमिका तथा उनके द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों के लिए प्रदान किया जायेगा। जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार चयन समिति द्वारा चयनित बुनकरों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5100 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3100 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2100 रूपये दिये जाने तथा दो बुनकरों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रूपये दिये जाने का प्रावधान है।

## कांग्रेस के समारोह में भाजपाईयों का हंगामा

- **सामुदायिक भवन के लोकार्पण को लेकर जताया विरोध**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ.द्रोपदी कोली द्वारा भजन गंज क्षेत्र स्थित सामुदायिक भवन का गुरुवार को लोकार्पण एवं वृद्धजन को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान भाजपाइयों ने हंगामा कर खड़ा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं से समझाइश कर मामला शांत कराया। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष कोली का पुतला भी फूंका।

**भाजपइायों ने फूंका पुतला:-** कांग्रेस पार्षद व नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली द्वारा भजनगंज स्थित विश्वनाथ मंदिर के पास सामुदायिक भवन के लोकार्पण किए जाने को लेकर कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही भाजपाई वहां पहुंच गए और सामुदायिक भवन का विरोध किया। इस दौरान हंगामा बढ़ता देख वहां मौजूद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोका और इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। बाद में कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका और कोली के खिलाफ नारेबाजी की।

**कोली पर लगाए आरोप:-** भाजपा पार्षद हेमंत सांखला व प्रशांत यादव ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, आयोजित होने वाले समारोह से लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचेगी। भाजपा के आदर्श मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादोन व पार्षद दिलावर चौहान ने कहा कि मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन बनाया गया, जो गलत है और द्रोपदी कोली निजी हित के लिए काम कर रही है। इसका विरोध किया। समारोह में मेयर ब्रजलता हाड़ा ,विधायक अनिता भदेल और निगम आयुक्त देशल दान को आमंत्रित नहीं किया गया।

## श्री निम्बार्क कोट मन्दिर में राधाष्टमी महोत्सव 11 को

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय श्री निम्बार्काचार्य पीठ निम्बार्कतीर्थ सलेमाबाद द्वारा संचालित श्री निम्बार्क गोपिजनवल्लभ मन्दिर निम्बार्क कोट अजमेर में समायोजित श्रीमद्भागवत जयंती महोत्सव कार्यक्रम की कड़ी में निम्बार्काचार्य श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज के सानिध्य में 11 राधाष्टमी महोत्सव पर्व मनाया जाएगा, जिसमें प्रात: 9 बजे श्रृंगार दर्शन एवं मध्यान्ह 12 बजे उत्सव आरती व युगल सरकार का विशेष नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। फूलों से बने झूले में युगल सरकार को विराजमान किया जाएगा। श्री सर्वेश्वर संकीर्तन मंडल प्रवक्ता आनंद भंसाली ने बताया कि राधाष्टमी महोत्सव पर्व के अन्तर्गत 11 सितम्बर विशेष फूल बंगले के दर्शन सायं 8:30 बजे से भजन संध्या एक शाम 'गरज है किशोरी हमें आप ही से' का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध अशोक तोषनीवाल एवं श्री सर्वेश्वर संकीर्तन मंडल सदस्यों द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा अजयमेरु का सम्मान समारोह

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा अजयमेरु के तत्वाधान में राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय अजमेर और महात्मा गांधी राउमावि चौरसियावास में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सीबीईओ पीसांगन अरुण कुमार शर्मा और अध्यक्षता संगठन के प्रदेश सचिव भंवर सिंह राठौड़ ने की। उन्होंने शिक्षकों के समाज में महत्वपूर्ण स्थान और उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं जो न सिर्फ ज्ञान का प्रसार करते हैं, बल्कि नैतिक मूल्यों का भी विकास करते हैं। समारोह में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश सचिव भवर सिंह राठौड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, जिला सभा अध्यक्ष भगवान सिंह गौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह राठौड़, ओम प्रकाश शर्मा, रोहिताश सारस्वत, अजयमेरु के अध्यक्ष भरत सिंह पंवार, मंत्री बलराज चौहान और जितेश मेहरा शामिल रहे। समारोह में शंभू सिंह चौहान का साफा पहनाकर अभिनंदन किया। संस्था प्रधान गोविन्द प्रसाद शर्मा और भरत सिंह यादव ने सभी का आभार जताया। संचालन सुरेन्द्र सिंह राठौड़ और जितेंद्र जोशी ने किया।

लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर हाथी भाटा स्थित संस्कार सीनियर सैकंडरी स्कूल की शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया जो विद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देकर राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन अनिल कुमार छाजेड़ ने कहा कि भारतवर्ष को ऊंचाइयां प्रदान कराने में शिक्षकों अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

**ब्यावर, (निसं)।** राष्ट्र निर्माता शिक्षक गुरु का सम्मान सर्वश्रेष्ठ है। गुरु ही हमें अंधकार से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाता है वर्तमान परिपेक्ष में बालकों को अच्छे संस्कार एक अच्छा शिक्षक ही दे पाता है।ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत ने यह उदगार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जवाजा के इस समारोह में व्यक्त किए।

समारोह की अध्यक्षता गणपत सिंह रावत प्रधान पंचायत समिति जवाजा ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में छात्र को संस्कारवान बनाना अच्छी आदतों का निर्माण करना यह अच्छे विद्यालय से होगा। कार्यक्रम की विशिष्ट स्थिति मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मधु गुप्ता ने विद्यालयों में अच्छे वातावरण निर्माण की बात कही। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में सुमन सोनी सरपंच जवाजा, एसीबीओ कैलाश चन्द्र, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति, निधि चौहान, नेमीचंद यादव, रहे। संयोजक एवं प्रधानाचार्य ताराचंद जांगिड़ ने बताया कि जवाजा ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में ब्लॉक स्तर पर चयनित शिक्षकों का सम्मान किया।


**NAME CHANGE**

I, Army No.JC-769580X Rank :- SUB MAJ, Name:- VINOD SINGH, Residing At Village and Po :- BADOWALA, Teh:- DOIWALA Dist:- DEHRADUN, State:- UTTARAKHAND Pin:- 248140 have change my Son's Name from SIVANSH SINGH RAUTHAN to SHIVANSH SINGH RAUTHAN vide Affidavit No.BW 150785 Dated 05/09/2024 before Court campas Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, ROJINA KHATUN is Spouse of Army No. 14648797P Rank:- HAV, Name:- MD MOSTAKIM MONDAL, Residing At Vill:- ELIOT NAGAR Post:- RAMNA CHANDPUR, Teh:- BERHAMPORE Dist:- MURSHIDABAD, State:- WEST BENGAL Pin:- 742175 have change my name from ROJINA KHATUN to ROJINA KHATUN BIBI vide Affidavit No. BW 150782 Dated 05/09/2024 before Court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरे पिता रामचन्द्र गुर्जर पुत्र श्री भारमल जाति गुर्जर निवासी भाम्भियो का मोहल्ला, ब्रजपुरा, कुचील तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 4 अक्टूबर 1966 को मेरे उपरोक्त पैत्रक निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसीलदार कार्यालय, किशनगढ़ में आवेदन किया गया है, अतः किसी को भी इस बाबत कोई आपति हो तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में दर्ज करायें।

प्रार्थी-नोरतमल गुर्जर पुत्र रामचन्द्र गुर्जर


# देवनानी ने कॉलेज के कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पढ़ाया पाठ

## सनातन संस्कृति में गुरू का विशेष महत्व, 100 करोड़ की लागत से बनेगी आर.आई.टी.

**अजमेर, (कासं)।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजकीय अभियांत्रिकी कॉलेज के कार्यक्रम में भाग लेकर शिक्षकों एवं बच्चों को पाठ पढ़ाया। उन्होंने शिक्षकों और बच्चों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का अवबोध करवाया। कॉलेज के आरआइटी में क्रमोनत होने तथा बजट घोषणा में इस कॉलेज के विकास के लिए 100 करोड़ रूपए स्वीकृत होने पर सभी को शुभकामनाएं दी।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि मैंने भी अपने जीवन की शुरूआत एक शिक्षक के रूप में की है। मुझे भी कॉलेज में पढ़ाने का सुअवसर मिला है। प्राचीन काल से ही सनातन संस्कृति में गुरू का विशेष स्थान रहा है। पहला गुरू माता होती है, दूसरा पिता तथा तीसरा गुरू अध्यापक होता है जो एक बच्चे के व्यक्तित्व का निर्माण करता है और उसके जीवन को संवारता है। हमारे देश में गुरू वशिष्ट, वाल्मीकि तथा विश्वामित्र जैसे प्रकांड विद्वान हुए हैं जिन्होने अपने विचारों से लोगों को प्रेरित किया है। आज के डिजीटल युग में भी शिक्षक की भूमिका कम नहीं हुई है वरन एक शिक्षक ई-शिक्षक के रूप में अपने ज्ञान को विद्यार्थियों तक प्रेषित करता है। इस आधुनिकता के दौर में भी हम सबको अपनी सनातन संस्कृति को ध्यान में रखना चाहिए। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विज्ञान को पर्यावरण के साथ जोड़ा है। 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहें है।



समारोह के दौरान शिक्षकों को सम्मानित किया।

देवनानी ने बताया कि यह राजकीय अभियांत्रिकी कॉलेज लगभग 26 वर्ष पुराना एक वृक्ष की तरह है जिसने अब फल भी देने शुरू कर दिए है। इस कॉलेज के विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट भी हो रहा है जो एक सुखद बात है। राज्य सरकार ने इस कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बनाने का निर्णय किया है। के विकास के लिए 100 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर तंत्र मजबूत होने के साथ नवीनतम उपकरण भी लगेंगे जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। अध्यापक व विद्यार्थियों के बीच गहरा संबंध होता है। सभी बच्चों को अध्यापक के प्रति श्रद्धा रखनी चाहिए। एक अध्यापक बच्चों का आदर्श होता है। वह जीवन में अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है तथा बच्चों के जीवन को संवारता है। उनका भविष्य उज्जवल बनाता है इसलिए शिक्षक को अपना चरित्र हमेशा प्रेरणादायक रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज के डिजीटल युग में पाठ्य सामग्री घर बैठे ही मिल जाती है लेकिन इस पाठ्य सामग्री को अध्यापक ही सहज रूप से समझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक से शैक्षिक वातावरण का निर्माण करना है जिसमें शिक्षकों को सम्मान मिल सके। एक अच्छे बालक से अच्छा समाज बनता है और अच्छे समाज से अच्छा राष्ट्र बनता है। शिक्षकों को केवल वेतनभोगी तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए उनको अपने-अपने दायित्व अच्छी तरीके से निभाने चाहिए ताकि विद्यार्थियों में उनके प्रति श्रद्धा बनी रह सके। एक अध्यापक केवल कक्षा-कक्ष तक ही सीमित नहीं होता है वह 24 घण्टे शिक्षक की भूमिका निभाता है। समय का हमेशा सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक अध्यापक भी छात्र की तरह हमेशा नया सीखता रहता है। वह दोहरी भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत का सपना देखा है। देश के सभी इंजीनियर इस सपने को साकार बनाने में महत्वपूण भूमिका निभाएंगे। एक इंजीनियर के दो उद्देश्य होते हैं अपने जीवन निर्वाह के साथ-साथ वह अपने देश के लिए अच्छी गुणवतापूर्ण सड़कें, ब्रिज तथा भवन बनाना जो एक विकसित राष्ट्र के लिए आवश्यक हैं। इंजीनियर देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर तंत्र मजबूत करते हैं। नेशन फर्स्ट की भावना के साथ काम करना चाहिए। इंजीनियर को हमेशा चरित्र और नवीनतम ज्ञान से अपडेट रहना चाहिए। गरीबों का जीवन स्तर अच्छा हो इस सोच के साथ काम करना चाहिए। सबको मिलकर भारत को पुन: विश्वगुरू बनाने का प्रयास करना चाहिए। प्राचीन काल में तक्षिला तथा नालंदा जैसे विवि. में ज्ञान की धारा बहती थी।

## शिक्षक दिवस पर 13वें रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाहपुरा, (निसं)।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शाहपुरा ब्लॉक के शिक्षकों राज्य कर्मचारी समाजसेवियों की ओर से कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट में लगातार 13वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। बरसाती बरसात में भी शिक्षकों और रक्तदाताओं का जोश देखने को मिला भीगते हुए रक्तदान के लिए पहुंचे इस अवसर पर जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत शिविर का अवलोकन करने पहुंचे उन्होंने शिक्षक दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित करने एवं पौध वितरण की पहल को सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि विद्यालय में बालकों के सामने ऐसे कार्यक्रम होने से हमारे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान बनेगी उन्होंने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन से संबंधित प्रश्न भी छात्रों को पूछे और कहा कि रक्तदान और पौधारोपण एक मानवीय कार्य हैं और वर्तमान समय की आवश्यकता भी है अतः इस अभियान को निरंतर जारी रखा जाना चाहिए जिला कलेक्टर ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया एवं रक्तदाताओं को गमला युक्त पौधा एवं प्रशस्ति पत्र लेकर सम्मानित किया इस अवसर पर उपखंड अधिकारी निरमा विश्नोई ने भी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और रक्तदाताओं को गमला युक्त पौधा भेंट किया इस अवसर पर कुंड गेट विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवीलाल बैरवा ने सभी का स्वागत किया।


**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ ( अजमेर ) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2024/273 दिनांक-3-9-24

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण कर राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा न. 119 120 121 में स्थित भूखण्ड संख्या 36 का क्षेत्रफल 202.22 वर्गगज भूमि का आवासीय (फ्री होल्ड) पट्टा हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अत: निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां / कारण / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्रसं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. | क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड संख्या | प्रस्तावित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रफीक मोहम्मद पुत्र श्री मरहूम समसुद्दीन निवासी इमाम बाडा रोड गांधीनगर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 | मदनगंज 119, 120, 121 | भूखण्ड संख्या 36 का कुल क्षेत्रफल 221.66 वर्गगज | आवासीय (फ्री होल्ड) |

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ

**कार्यालय नगर पालिका पुष्कर, जिला अजमेर**

क्रमांक: न.पा.पु./भूमि शाखा/24/1160 दिनांक: 04-09-2024

**आपति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री बिहारी लाल माली पुत्र श्री नेमीचंद माली, निवासी जमनी कुण्ड रोड पुष्कर ने भू-उपयोग परिवर्तन संशोधन नियम 2021 के अन्तर्गत ग्राम पुष्कर के वामदेव रोड स्थित खसरा नं. 3378/3175 क्षेत्रफल 418.00 वर्गमीटर भूमि का पौधशाला/फलोधान/गौशाला से होटल प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही हेतु नक्शा साईट प्लान आदि आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये है जिसकी सीमाऐं निम्न प्रकार है-

पूर्व में - खसरा नं. 3379/3175 की भूमि; पश्चिम में - रास्ता

उत्तर में -खसरा नं. 3379/3175 की भूमि; दक्षिण में -खसरा नं. 1158/2942 की भूमि

अत: जिस किस भी व्यक्ति को उक्त भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही में कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर ठोस सबूत के आधार पर आपति प्रस्तुत कर सकते है । बाद मियाद कोई आपति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित होवें।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका पुष्कर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

न.नि.अ/भू. उ.प./24-25/27 दिनांक: 5-9-24

**आपति सूचना**

श्री ओजस कुमार पुत्र श्री पीयूष कुमार निवासी कुमार कुटीर ब्यावर रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पति संया 19 जो माकडवाली स्कीम नम्बर 01 आनासागर लिंक रोड योजना अशोक मार्ग अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 300.00 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - 60 फुट चौड़ा रास्ता; पश्चिम - आवासीय भूखण्ड श्री केसरीचन्द चौधरी का

उत्तर - आवासीय भूखण्ड संख्या 20; दक्षिण - नाला तत्पश्चात् रास्ता आम 80 फुट चौड़ा

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

# चनाना में तीन हजार महिलाओं ने एक साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

## भाजपा नेता बबलू चौधरी के संयोजन में हुआ कार्यक्रम, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी समेत भाजपा नेताओं ने तारीफ की

**झुंझुनूं,** (निसं)। पूरे देश में भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। इसी क्रम में झुंझुनूं के चनाना गांव में भी गुरूवार को अनूठे अंदाज में झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में इस अभियान का आगाज किया गया। चनाना गांव में हुए नारी शक्ति वंदन एवं सदस्यता सम्मेलन में क्षेत्र की तीन हजार महिलाओं ने एक साथ पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा नेता बबलू चौधरी के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी थे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने की।

कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर श्रवण सिंह बगड़ी, बनवारीलाल सैनी तथा बबलू चौधरी का स्वागत किया गया। इस मौके पर मिस्ड कॉल से सम्मेलन में मौजूद करीब तीन हजार महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ली और फिर हाथों से मोबाइल उपर करके और भी सदस्य बनाने का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि माता पूजनीय होती है। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता बबलू चौधरी के संयोजन में जो शक्ति वंदन व सदस्यता सम्मेलन हुआ है। यह वास्तव में शानदार आयोजन है। इस आयोजन के बाद वे भी दावे के साथ कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में सवा करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है, वो पूरा होगा। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम को देखकर हमारा हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है, वो तीन गुना तक जाएगा, यह भी वह कह सकते हैं।

उन्होंने इस आयोजन के लिए भाजपा नेता बबलू चौधरी और उनकी टीम का आभार जताया। इधर, बबलू चौधरी ने बताया कि चनाना और आस-पास के गांवों की तीन हजार महिलाओं को आज भाजपा की सदस्यता दिलवाई गई है। भाजपा का सदस्यता अभियान एक उत्सव की रूप में मनाया जा रहा है। हर एक व्यक्ति, जो भाजपा परिवार का सदस्य बन रहा है, वह उत्सव के रूप में अपनी सदस्यता को देख रहा है। भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश गजराज ने बताया कि कार्यक्रम में आई महिलाओं ने उत्साह के साथ बबलू चौधरी को रक्षा सूत्र बांधा। बबलू चौधरी द्वारा मौजूद महिलाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए छायादार व फलदार पौधे भी वितरण किए गए। चिड़ावा पंचायत समिति सदस्य मधु झाझड़िया के सानिध्य में महिलाओं द्वारा प्रदेश महामंत्री का सम्मान किया गया।

इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी, माया देवी, सुमन कुमारी, सुमित्रा, कमला, सरोज, सुशीला, प्रतिज्ञा, अनार देवी, पुष्पा कुमारी, पुष्पा जांगिड़, ममता, रेणुका, सरोज, रेणुका, संगीता, सावित्री, उर्मिला सहित हजारों की संख्या में महिलाएं मौजूद थी। भाजपा सदस्यता अभियान में सुलताना मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, झुंझुनूं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बहादुरमल स्वामी, चनाना सरपंच चरणसिंह, अर्जुनसिंह, महिपालसिंह, रोहिताश्व, प्रमोद, ललित कुमार, राकेश मोटसरा, झुंझुनूं मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।



**झुंझुनूं के चनाना गांव में हुए नारी शक्ति वंदन एवं सदस्यता सम्मेलन में क्षेत्र की तीन हजार महिलाओं ने एक साथ भाजपा की सदस्यता ली।**

# तांबे की केबल चोरी गैंग का पर्दाफाश, नौ बदमाश गिरफ्तार



**गंगापुर थाना पुलिस ने केबल चोरी गैंग का खुलासा कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने तांबे की केबल चोरी गैंग का खुलासा करते हुए अंतर्राजीय चोर गिरोह के नौ शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक,भीलवाड़ा राजन दुष्यंत आईपीएस के निर्देशन में रोशन पटेल अति. पुलिस अधीक्षक सहाडा व रितेश कुमार वृत्ताधिकारी गंगापुर के दिशा निर्देशों पर टीम गठित कर चोरी व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु फुल चन्द पुनि. थानाधिकारी गंगापुर के नेतृत्व में गठित टीम ने नौ अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। तीन अगस्त को प्रार्थी केदारनाथ पिता मन्नालाल कौशिक निवासी विजयनगर अलवर जिला अलवर हाल निवासी गंगापुर ने थाना गंगापुर पर एक लिखित रिपोर्ट पेश कि एक अगस्त को रात्रि के मध्य टेगोर स्कूल के पीछे न्यू नीलकंठ माईन्स एण्ड मिनरल्स पोटला थाना गंगापुर में अज्ञात चोर पांच इलेक्ट्रीक मोटरें, कम्प्रेशर, वैल्डिंग मशीन, मशीन के अन्य पार्ट्स व तांबे की केबलें चोरी करके ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास व सम्भावित रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज लिये जाकर पूर्व में चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की जाकर नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी महावीर पिता मोहन लाल बैरवा निवासी सनादिया थाना गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा हाल निवास रिको फार्थ बिलियॉ थाना प्रताप नगर जिला भीलवाड़ा, बंशीलाल पिता उगमाराम बैरवा निवासी सालरियां थाना बनेडा जिला शाहपुरा, सुरेश पिता मांगी लाल भील निवासी मोटलियास थाना गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ हाल निवास कच्ची बस्ती कांवाखेड़ा थाना कोतवाली जिला भीलवाड़ा, श्रवण भील उर्फ मेघालाल पिता रामलाल भील निवासी लिरडिया थाना माण्डल जिला भीलवाड़ा, लोकेश पिता नारायण लाल दरोगा निवासी खेराबाद थाना हमीरगढ़ जिला चित्तौड़गढ़, बबलु ओड पिता कन्हेयालाल ओड निवासी गणेशपुरा थाना गंगरार जिला चित्तोड़गढ़ हाल निवास कांवाखेडा कच्ची बस्ती थाना कोतवाली जिला भीलवाड़ा, देवीलाल पिता मिठुलाल दरोगा निवासी ऐरा थाना गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ हाल निवास खेराबाद थाना हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा, रमेश उर्फ रामेश्वर पिता बंशीलाल माली निवासी चोथ माता का खेड़ा रायला थाना रायला जिला भीलवाड़ा हाल निवास आर्यव्रत कॉलोनी थाना प्रताप नगर जिला भीलवाड़ा और लक्ष्मीनारायण पिता बंशीलाल माली निवासी चौथ माता का खेडा रायला थाना रायला जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

## तस्करी के दोषी दो युवकों को कैद

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। एनडीपीएस एक्ट में प्रतिबंधित घटक की 5 हजार गोलियों की तस्करी के दोषी ठहराए गए दो युवकों को 10-10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों युवकों पर एक-एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने की सूरत में एक-एक साल की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। दोनों युवक गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक अभिरक्षा में ही थे। न्यायालय ने इनकी न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को मूल सजा में समायोजित करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय के विशिष्ट लोक अभियोजक विजेंद्र घिंटाला ने बताया कि 5 जी सहारणांवाली निवासी 37 वर्षीय विजयकुमार उर्फ बिट्टू पुत्र ज्ञानचंद तथा दुल्लापुर कैरी निवासी 22 वर्षीय रवि पुत्र सुखदेवसिंह को 10-10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई गई है।

# हिस्ट्रीशीटर के अतिक्रमणों पर बुलडोजर चला

**कोटा,** (निसं)। शहर के उद्योग नगर थाना इलाके के हिस्ट्रीशीटर हजरत अली उर्फ गुड्डू के खिलाफ एक्शन लेते हुए कोटा सिटी पुलिस ने उसके अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए गुरुवार को ध्वस्त करवाया है। पूरे मामले की मॉनीटरिंग कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन कर रही है। डॉ. दुहन का कहना है कि हजरत अली उर्फ गुड्डू के दो अतिक्रमण ध्वस्त किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 25 लाख रुपए है। यह 1717 गैंग का सक्रिय सदस्य है इसके खिलाफ दर्जनों मामले अब तक संगीन धाराओं में दर्ज हुए हैं।

उद्योग नगर थाना अधिकारी जितेंद्र शेखावत ने बताया कि आरोपी गुड्डू को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है जो जमानत के बाद से ही अपनी गैंग बनाकर कोटा शहर व पूरे हाड़ौती संभाग में सक्रिय है। इसके खिलाफ कोटा शहर, ग्रामीण, बारां, झालावाड़, बूंदी सहित चित्तौड़गढ़ और महाराष्ट्र के मुंबई में भी मामले दर्ज हैं। इसको लेकर पुलिस और कोटा विकास प्राधिकरण की टीम के साथ गुरुवार सुबह गोविंद नगर अंडरपास के नजदीक पहुंची। यहां पर हजरत उर्फ गुड्डू ने अवैध रूप से दो जगह अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किए हुए थे। इन दोनों अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलवाया गया है। एक जगह पर किराए पर देकर गुड्डू ने नॉनवेज शॉप चलवाई हुई थी। दूसरी जगह पर गोदाम व कारखाना बनाया हुआ था। पुलिस ने 2021 में राजपाशा कानून के तहत हजरत गुड्डू को गिरफ्तार भी किया था।

के.डी.ए. के डिप्टी कमिश्नर हर्षित वर्मा का कहना है कि हमारे ध्यान में यह अतिक्रमण कुछ समय पहले आया था। इस संबंध में नियम अनुसार नोटिस दिए गए और उसके बाद अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई है। इसमें हमारा अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और संसाधन भी हमारे ही है। थाना अधिकारी जितेंद्र शेखावत ने बताया कि हजरत उर्फ गुड्डू ने 14 साल की उम्र में ही पहली वारदात को अंजाम दिया था। उस पर दर्ज डेढ़ दर्जन से ज्यादा मुकदमों में वह गवाहों को डरा धमकाकर बरी भी हो गया है।

## भारत-अमेरिकी सेना का युद्धाभ्यास नौ से

**बीकानेर,** (निसं)। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में एक बार फिर तोपों के धमाके सुनाई देने वाले हैं। इस बार भारतीय थल सेना के साथ दुनिया के शक्तिशाली देश अमेरिका के सैन्यकर्मी होंगे। 9 सितम्बर से शुरू होने वाला ये युद्धाभ्यास 22 सितम्बर तक चलेगा। ये युद्धाभ्यास अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा, जिसमें दोनों देशों के 1200 जवान हिस्सा ले रहे हैं। भारत और अमेरिका के 6-6 सौ सैनिक अपनी ताकत दिखाएंगे। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में जवान महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में पहुंच रहे हैं। अभ्यास के दौरान भारत की ओर से जहां अपनी टॉप रेंज प्रदर्शित की जाएगी, वहीं अमेरिका की ओर से पहली बार हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम तैनात किया जाएगा।

# भीलवाड़ा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों से सैम्पल लिये

- **शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्रवाई की**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एवं जिला कलेक्टर नमित मेहता के आदेश अनुसार चलाये जा रहे चलाये जा रहे "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान" के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्रपुरी गोस्वामी के निर्देशन में गठित खाद्य सुरक्षा दल ने भीलवाड़ा जिले में कई प्रतिष्ठानों से 11 नमूने लिये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दल द्वारा मैसर्स गुड धाणी रेस्टोरेन्ट से पनीर, आटा, मैदा, तेल व हल्दी पाउडर के पांच नमूने लिये। मैसर्स चारभुजा किराना स्टोर से मूंगफली तेल का एक नमूना लिया, मैसर्स जय हनुमान ट्रेडिंग कम्पनी से उड़द दाल, मूंग दाल, चना दाल व मसूर दाल के चार नमूने लिये। सत्यम कॉम्प्लेक्स के पास स्थित बालाजी मरके वाले का निरीक्षण किया व मरके का एक नमूना लिया। साथ ही तैयार किये जा रहे मरकों को ढककर रखने एवं शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपयोग में लेने तथा साफ सफाई के लिये निर्देशित कर पाबंद किया। सभी नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर में जांच हेतु भिजवाया जायेगा। रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## बाबा रामदेवरा मेले का आगाज

**पोकरण/रामदेवरा,** (निसं)। पश्चिमी राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोकदेवता बाबा रामदेव की अवतरण तिथि भादवा-शुक्ला द्वितीया के उपलक्ष्य में गुरुवार को अलसुबह मंगला आरती के साथ 640 वें रामदेवरा मेले का विधिवत रूप से शुभारम्भ हो गया। इस अवसर पर बाबा की समाधि के मस्तक पर स्वर्ण मुकुट प्रतिष्ठापन किया गया। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, गादीपति भोमसिंह तंवर ने बाबा की समाधि की विधि विधान से पूजा-अर्चना की व मंगला आरती के दर्शन कर देश एवं प्रदेश में अमनचेन, खुशहाली व साम्प्रदायिक सद्भाव बना रहे कि मंगल कामना की। मंगला आरती के अवसर पर पुजारी पं. कमल किशोर छंगाणी ने अतिथियों से अभिषेक करवाया।

# सात बदमाशों ने बिजनेसमैन और पत्नी को बंधक बनाकर 60 लाख की डकैती की

- **बदमाशों ने पति-पत्नी को बंधक बनाकर डेढ़ घंटे तक लूटपाट की, बेटे रामदेवरा यात्रा में गए हुए थे**
- **घायल हालत में पति-पत्नी दोनों कार से पदमपुर के अस्पताल पहुंचे और अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। देर रात सात बदमाशों ने व्यापारी के घर में घुसकर करीब 60 लाख की डकैती कर ली। बदमाशों ने पति-पत्नी को बंधक बनाकर करीब डेढ़ घंटे तक घर में लूटपाट की। मामला पदमपुर में धानमंडी रोड इलाके का है। वारदात के समय दंपती घर में अकेले थे।

एसएचओ सुरेंद्र राणा ने बताया कि टायर बिजनेसमैन बृजलाल खींची (55) का घर पदमपुर कस्बे में धानमंडी रोड पर है। बुधवार रात 12 बजकर 49 मिनट पर सात बदमाशों ने उनके घर का गेट खटखटाया। बृजलाल खींची सो रहे थे। गेट खटखटाने की आवाज से वे उठे और किसी परिचित के होने की संभावना से गेट खोल दिया। थोड़ा सा गेट खोलते ही बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। इससे उनकी नाक पर चोट आई। आवाज सुनकर बृजलाल की पत्नी सावित्री (50) भी जाग गई। वह गेट पर आई। वहां के हालात और घायल बृजलाल को देखकर वह घबरा गई। उन्होंने बदमाशों को मारपीट करने से रोका तो आरोपियों ने दोनों को बंधक बना लिया। उनके हाथ-पैर बांध दिए। अलसुबह करीब 3 से 3:30 बजे के बीच सभी बदमाश भाग गए तो बृजलाल ने किसी तरह खुद को संभाला। अपने और पत्नी के हाथ-पैर खोले। अस्पताल जाने के बाद दंपती ने पुलिस को सूचना दी थी।

जानकारी के अनुसार, घायल हालत में पति-पत्नी दोनों कार से पदमपुर के अस्पताल पहुंचे और अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी। बृजलाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। बृजलाल ने अपने परिचितों को सूचना दी। परिचितों ने उन्हें श्रीगंगानगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। दंपती के तीन बेटे डॉ. अजय खींची, विकास खींची और पंकज खींची हैं। इनमें अजय और विकास रामदेवरा यात्रा पर गए हुए थे, जो सूचना मिलते ही रामदेवरा से लौट आए। वहीं पंकज अहमदाबाद में है। व्यापारी बृजलाल का टायर सेल का बिजनेस है। सूचना मिलने पर बृजलाल के दोनों बेटे श्रीगंगानगर में प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। बृजलाल के बेटे डॉ. अजय खींची ने बताया कि मेरे पिता की हालत गंभीर है। जबकि मां पदमपुर के अस्पताल में भर्ती है।

अजय ने करीब 50 से 60 लाख रुपए के गहने और नकदी की लूट की बात बताई है। पति-पत्नी फिलहाल ज्यादा कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में वारदात में लूट कितनी हुई, इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।

डीएसपी संजीव चौहान ने बताया कि वारदात रात करीब 12:30 से 3 बजे के बीच में हुई है। अब तक मिले सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपी करीब डेढ़ घंटे तक पीड़ित के घर में रहे हैं। उन्होंने इस दौरान लूट की वारदात को अंजाम दिया। पूरी वारदात के पीछे किसी गैंग का हाथ हो सकता है। घटना के समय पीड़ित दंपती के बेटे कहीं बाहर गए हुए थे। उन्हें सूचना देने के बाद दोनों बेटे लौट आए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# नाबालिग बहनों से गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार

## अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है

**हनुमानगढ़,** (निसं)। संगरिया थाना क्षेत्र निवासी दो सगी बहनों को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने और गैंगरेप करने के बहुचर्चित मामले में संगरिया थाना पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

एसपी सांगवान ने बताया कि 20 जुलाई को एक व्यक्ति ने संगरिया पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 19 जुलाई की सुबह उसकी पत्नी उनकी दोनों नाबालिग लड़कियों को स्कूल छोड़कर आई थी। उसके बाद उसकी दोनों नाबालिग लड़कियों को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाकर भगाकर ले गया। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई रणवीर की ओर से शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संगरिया थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में टीमें गठित कर अलग-अलग स्थानों पर तलाश के लिए रवाना किया गया। टीम की ओर से सीमावर्ती राज्य पुलिस के सहयोग से दोनों नाबालिग बहनों को डिटेन कर मेडिकल बोर्ड का गठन कर मेडिकल करवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए विशेष जांच इकाई की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलम चौधरी की ओर से पॉक्सो एक्ट में तुरंत जांच शुरू की। एसपी सांगवान ने बताया कि मामले में दोनों नाबालिग बहनों के बयान न्यायालय में करवाए जा चुके हैं। मामले में दोनों नाबालिग बहनों को भगाकर ले जाने वाले दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की पहचान और तलाश के लिए टीमें बनाकर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# ओमप्रकाश माथुर और घनश्याम तिवाड़ी ने राघवाचार्य को श्रद्धांजलि दी



**सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी रैवासाधाम पहुंचे**

**सीकर,** (निसं)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी गुरुवार को सीकर के रैवासाधाम पहुंचे तथा रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने रैवासा धाम की गद्दी पर विराजमान राजेंद्र दास महाराज को शॉल ओढ़ाया। महाराज ने उन्होंने आशीर्वाद दिया।इससे पूर्व पुलिस लाइन सीकर में बने हैलीपेड पर पहुंचने पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने राज्यपाल की अगवानी की। प्रदेश सरकार में कानून मंत्री जोगाराम पटेल भी रैवासा धाम पधारे और महाराज को शॉल ओढ़ाया। जिसके बाद पीठाधीश महाराज राजेंद्र नाथ ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, भारत विकास परिषद जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी, सीमा अग्रवाल, मधु कुमावत उपस्थित थे।

# शिक्षक शिक्षा ही प्रदान नहीं करते, बल्कि विद्यार्थी का जीवन भी गढ़ते हैं : राज्यपाल बागड़े

## केन्द्रीय वि.वि. कश्मीर के कुलपति प्रो. रवीन्द्रनाथ को विशेष रूप से सम्मानित किया

- **शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित, शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले शिक्षक सम्मानित**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले शिक्षकों को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने सम्मानित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय कश्मीर के कुलपति प्रो. रवीन्द्रनाथ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आनंद भालेवराव ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिक्षक दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक और विचारक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षक शिक्षा ही प्रदान नहीं करते बल्कि विद्यार्थी का जीवन गढ़ते हैं, उन्होंने कहा कि इसीलिए शिक्षक वंदनीय, अभिनंदनीय है। बागड़े ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने और चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति के संस्कार प्रदान करने वाली शिक्षा प्रदान करने का आव्हान किया है। कुलपति प्रो. आनंद भालेवराव ने कहा कि भारतीय संस्कृति शिक्षा के आलोक में रंगी हुई संस्कृति है। गुरु व शिष्य परंपरा ही इस संस्कृति का मूल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही कोई समाज उन्नति और उत्कृष्टता की राहों की ओर अग्रसर होता है। माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। वह हमारा पालन-पोषण करते हैं पर जीवन को सार्थकता प्रदान करने का कार्य गुरु करते हैं। यह दूसरा अवसर रहा जब ये पुरस्कार भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को दिए गए, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए असाधारण प्रतिबद्धता दिखाई है। इस विशेष अवसर पर हमारे विश्वविद्यालय के ढांचे में पूरी तरह से अपनाई गई नवीन प्रथाओं, प्रौद्योगिकियों और शैक्षिक पहलों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की।




**अजमेर में राज. केंद्रीय वि.वि. में आयोजित समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आनंद भालेवराव आदि मौजूद रहे।**

